राज्यपाल सचिवालय
राजभवन,जयपुर

राज्यपाल को पोस्टर भेंट

जयपुर, 14 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को शनिवार को यहां राजभवन में केंसर एवं गरीबी से उत्थान के लिए कार्य करने वाली संस्था आश्रय का पोस्टर भेंट किया गया। इस मौके पर डॉ. सोनाली जैन, डॉ. सोनिया पारीक, डॉ. गौरव पाल सिंह और राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविन्द राम जायसवाल मौजूद थे।

राज्यपाल ने वनस्थली विद्यापीठ को बधाई दी

जयपुर, 14 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने टोंक जिले के निवाई में स्थित वनस्थली विद्यापीठ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यापन परिषद (नेक) की ओर से ए प्लस प्लस ग्रेड दिये जाने पर बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा है कि विश्वविद्यालय निरन्तर प्रयास करें और प्रगति हासिल करें।

राज्यपाल की संवेदना

जयपुर, 14 मार्च। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजस्थान मुस्लिम फोरम के संयोजक और मुस्लिम धर्मगुरू कारी मुईद्दीन के इंतकाल पर संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल श्री मिश्र ने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमात्मा से प्रार्थना की है।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा ,
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क), राज्यपाल